




अंक 5, 01 जून 2017


# संगठन संवाद पत्र

## विस्तारक प्रवास, लक्षद्वीप

16, 17 और 18 मई 2017

**लक्षद्वीप प्रवास**






BJP National President
# Shri Amit Shah's
# SANGHATHANATMAK PRAVAS



## 16 मई 2017 (प्रातः 8:00 बजे से रात्रि 10:45)









**8:00** लक्षद्वीप प्रवास पर प्रस्थान से पूर्व एर्नाकुलम केरल में केरल के प्रदेश पदाधिकारियों के साथ स्थानीय राजनीतिक विषयों पर चर्चा

**10:05** कोचीन हवाई अड्डे से लक्षद्वीप के लिए प्रस्थान

**11:25** अगाती हवाई अड्डा, लक्षद्वीप पर आगमन और कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष का भव्य स्वागत

**12:30** कवरत्ती द्वीप के लिए हेलीकाप्टर से प्रस्थान

**1:00** कवरत्ती हेलिपैड पर कार्यकर्ताओं एवं पार्टी पदाधिकारियों द्वारा भव्य स्वागत

**1:30** सरकारी गेस्ट हाउस कवरत्ती में आगमन

**4:30** कोर ग्रुप के साथ बैठक में स्थानीय राजनीति एवं भाजपा की संभावनाओं पर संगठन पदाधिकारियों के साथ चर्चा

**5:50** प्रदेश कार्यालय के लिए प्रस्थान

**6:00** प्रदेश कार्यालय में वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ भाजपा को लक्षद्वीप में मजबूत विकल्प बनाने पर चर्चा

**7:15** सरकारी गेस्ट हाउस के लिए प्रस्थान

**7:30** स्थानीय सांसद के शिष्टमंडल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिलकर स्थानीय विषयों पर ज्ञापन दिया

**8:30** कवरत्ती में केंद्र सरकार की गरीब कल्याण की योजनाओं को जनता के बीच रखते हुए एक जनसभा को संबोधित किया

**9:30** गेस्ट हाउस में आगमन एवं कार्यकर्ताओं के साथ भोजन और चर्चा

**10:45** रात्रि विश्राम



## 17 मई 2017 (प्रातः 8:50 से दोपहर 12:40)

**8:50** गेस्ट हाउस से बूथ संख्या 39 और 40 के लिए प्रस्थान

**9:00** बूथ संख्या 39 और 40 में बूथ संपर्क अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बूथ कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर जाकर संपर्क किया

**10:45** सरकारी गेस्ट हाउस में आगमन और पंडित दीन दयाल विस्तारक योजना पर स्थानीय पदाधिकारियों के साथ चर्चा करके लक्ष्यों एवं जिम्मेदारियों का निर्धारण

**12:00** कवरत्ती हेलीपैड के लिए प्रस्थान

**12:10** बंगारम के लिए हेलिकॉप्टर से प्रस्थान

**12:40** बंगारम में आगमन और गेस्ट हाउस के लिए प्रस्थान

## 18 मई 2017 (प्रातः 9:05 से रात्रि 9:15)

**9:05** बंगारम हेलीपैड से अन्द्रोट द्वीप के लिए प्रस्थान

**9:35** अंद्रोट हेलीपैड पर कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत और गेस्ट हाउस के लिए प्रस्थान

**10:30** बूथ संख्या 16 और 17 में आगमन और घर-घर जाकर संपर्क अभियान

**11:30** गेस्ट हाउस के लिए प्रस्थान

**12:10** गेस्ट हाउस से कमेटी हॉल अन्द्रोट में आगमन और जनसभा को संबोधन

**1:00** गेस्ट हाउस के लिए प्रस्थान

**1:15** पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ भोजन एवं चर्चा

**2:00** अन्द्रोट हेलीपैड के लिए प्रस्थान

**2:30** हेलिकॉप्टर द्वारा कोचीन के लिए प्रस्थान

**4:00** कोचीन हवाई अड्डे पर आगमन और हवाई अड्डे के विश्राम कक्ष में केरल पदाधिकारियों के साथ चर्चा

**5:35** दिल्ली के लिए प्रस्थान

**9:15** दिल्ली निवास पर आगमन
















भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह पंडित दीन दयाल उपाध्याय विस्तारक योजना के अंतर्गत तीन दिवसीय लक्षद्वीप प्रवास पर रहे। इस प्रवास में श्री अमित शाह ने संगठन के स्थानीय पदाधिकारियों से विस्तृत चर्चा करके वहां भाजपा की स्थिति को और मजबूत करने की रणनीति पर बल दिया। इस प्रवास में श्री अमित शाह ने बूथ संपर्क अभियान के तहत घर-घर जाकर बूथ स्तर पर लोगों से संपर्क किया। जनसभा के माध्यम से केंद्र सरकार की लोकहितों में शुरू की गयी योजनाओं को रेखांकित करते हुए भाजपा के लोक कल्याण के प्रति संकल्प को दोहराया। उनके इस प्रवास कार्यक्रम से लक्षद्वीप में पार्टी को कई स्तरों पर लाभ मिला है। पार्टी इस प्रवास कार्यक्रम की उपलब्धियों को निम्न तौर पर देख रही है।

- लक्षद्वीप प्रवास के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने "एक भारत श्रेष्ठ भारत" के संकल्प को बेहद मजबूती एवं दृढ़ता के साथ स्पष्ट किया। सिर्फ एक लोकसभा वाले छोटे से केंद्र शासित भूभाग में तीन दिनों का बहुमूल्य समय देकर श्री शाह ने भाजपा के "एक भारत श्रेष्ठ भारत" के संकल्प को दिखाने से लक्षद्वीप के लोगों के बीच पार्टी को मजबूती मिलेगी।

- देश की सर्वाधिक 96.2 फीसद अल्पसंख्यक आबादी वाले लक्षद्वीप में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने एवं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के "सबका साथ सबका विकास" के संकल्प को स्पष्टता से जाहिर करने की वजह से वहां की जनता के बीच भारतीय जनता पार्टी के प्रति विश्वास की भावना को बल मिलेगा। श्री शाह के इस प्रवास से लक्षद्वीप ही नहीं देश के अन्य हिस्सों के भी अल्पसंख्यक वर्ग में भाजपा की उनके प्रति संवेदनाशीलता का सन्देश जाने से पार्टी को लाभ होगा।

- बूथ संख्या 16, 17, 39 और 40 में घर-घर जाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने लोगों से संवाद एवं संपर्क किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा विस्तारकों का स्वयं चयन करने एवं उनसे सीधा संवाद करने से वहां के लोगों में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के प्रति जनता से जुड़ाव होने का विश्वास प्रबल हुआ है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रवास कार्यक्रम का यह हिस्सा पार्टी के लिए आम लोगों को जोड़ने में लाभाकारी सिद्ध हुआ है।

- श्री शाह ने स्थानीय नेतृत्व के साथ लक्ष्यद्वीप के छोटे-छोटे द्वीपों के लिए विशेष रणनीति पर चर्चा करके पार्टी के लिए सूक्ष्म रणनीति बनाई जो पार्टी विस्तार में काफी प्रभावी सिद्ध होगी।

- राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करके मोदी सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं के वर्तमान लाभार्थियों एवं संभावित लाभार्थियों की सूचि तैयार करके इसकी जानकारी को लक्षद्वीप के हर घर में पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष का इस संबध में पार्टी संगठन को दिया गया निर्देश पार्टी को लोगों से जोड़ने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम सिद्ध होगा। इस दृष्टि से यह एक बड़ी उपलब्धि कही जा सकती है।

- सामान्य जनकल्याण की योजनाओं के अतिरिक्त श्री अमित शाह ने लक्षद्वीप के सम्पूर्ण विकास के लिए जलयान, बंदरगाह, नागर विमानन, सूचना प्राद्यौगिकी एवं पर्यटन इत्यादि के क्षेत्र में केंद्र द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी विभिन्न मंचों से देकर आमजन में एक प्रभावी सन्देश दिया।

- राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने अल्पसंख्यक कल्याण बोर्ड की सभी 54 योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का निर्देश देकर वहां के लोगों में पार्टी के प्रति विश्वास को बढाने की राह प्रशस्त की। यह कदम पार्टी के लिहाज से लक्षद्वीप में उपयोगी होगा।

- आम जनसभा के माध्यम से लक्षद्वीप के लोगों से संवाद करके राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने केंद्र सरकार की नीतियों को स्पष्ट किया, जिसका व्यापक संदेश वहां के लोगों में गया है।

- स्थानीय एन.सी.पी. सांसद ने एक शिष्ट मंडल के साथ श्री शाह से मिलकर भाजपा के नेतृत्व पर विश्वास जताया जिसका राजनैतिक लाभ पार्टी को निश्चित रूप से मिलेगा।

# पार्टी की पत्रिकाएं एवं प्रकाशन विभाग

भारतीय जनता पार्टी के मूल में संवाद के माध्यम से दलीय लोकतंत्र की चेतना विद्यमान है। इस नाते भाजपा अपने कार्यक्रमों, संगठन आधारित गतिविधियों एवं तमाम विषयों को कार्यकर्ताओं के साथ संवाद स्थापित करते हुए आगे बढ़ाती है। पार्टी के संवाद का माध्यम प्रकाशन विभाग एवं इसकी पत्रिकाएं हैं। केन्द्रीय स्तर पर एवं प्रदेश स्तर पर पार्टी की पत्रिकाओं के माध्यम से भाजपा की गतिविधियों को कार्यकताओं तक पहुंचाने का कार्य इस समय पार्टी की केन्द्रीय एवं प्रदेश स्तर की कुल 22 पत्रिकाएं 12 से ज्यादा भाषाओं में कर रही हैं। इन पत्रिकाओं की लगभग 8 लाख प्रतियाँ प्रकाशित एवं प्रसारित हो रही हैं। प्रकाशन विभाग का दायित्व है कि वह पार्टी के प्रकाशनों को सुचारू रूप से संचालित करने एवं इसकी सभी प्रक्रियाओं को तय समय में पूरा करने का कार्य सुनिश्चित करे। प्रकाशन विभाग के कार्य उद्देश्य निम्नवत हैं।

- पार्टी की अधिकारिक पत्रिका "कमल संदेश" के प्रकाशन, संपादन एवं प्रसार संबंधी गतिविधियों को संचालित करते हुए यह सुनिश्चित करना कि यह कार्य तय समय में गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए।
- प्रकाशन विभाग का यह प्रमुख दायित्व है कि वह पार्टी की पत्रिकाओं एवं विभाग द्वारा प्रकाशित दस्तावेजों की समय-समय पर समीक्षा करते हुए भावी सुधारों एवं परिवर्तनों को अमल में लाने की व्यवस्था को सुनिश्चित करे।
- पार्टी की सभी गतिविधियों, वैचारिक विषयों, सरकार की नीतियों एवं संगठन के विस्तार संबंधी सार्वजनिक कार्यक्रमों की बेहतर रिपोर्टिंग एवं आलेख आदि को समुचित ढंग से पत्रिकाओं में प्रकाशित करने की व्यवस्था भी प्रकाशन विभाग द्वारा सुनिश्चित किया जाता है।
- प्रकाशन विभाग द्वारा प्रदेश इकाइयों द्वारा स्थानीय पत्रिकाओं की सामग्री की समीक्षा एवं कंटेंट में समानता लाने का प्रयास किया जाता है, जिससे प्रकाशन का प्रभाव पार्टी के अन्दर एवं बाहर व्यापक रूप से पड़े।
- प्रकाशन विभाग को समय-समय पर अपने प्रसार में वृद्धि की समीक्षा भी करनी होती है, जिससे प्रकाशन सामग्री का दायरा व्यापक और अधिकतम लोगों की पहुँच में हो सके।
- प्रादेशिक स्तर पर प्रकाशित होने वाली पार्टी की पत्रिकाओं में कुछ पन्ने समान हों, इसका निर्धारण केन्द्रीय स्तर पर प्रकाशन विभाग द्वारा किया जाता है।
- प्रकाशन विभाग को केन्द्रीय एवं प्रदेश इकाई के स्तर पर पार्टी, संगठन और विचारधारा को लेकर पुस्तकों, पुस्तिकाओं का प्रकाशन करना होता है।
- भारतीय जनता पार्टी के इतिहास, पार्टी की विचारधारा के आन्दोलन, इतिहास का मूल्यांकन, पार्टी के पुराने एवं प्रेरणादायी व्यक्तित्व वाले नेताओं द्वारा किए गए कार्यों का लेखा-जोखा भी विविध प्रकाशनों के माध्यम से कार्यकर्ताओं एवं लोगों तक पहुंचाने का कार्य पार्टी के प्रकाशन विभाग का सर्वाधिक महत्वपूर्ण दायित्व है।

## पार्टी की पत्रिकाओं एवं प्रकाशनों पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह के विचार:

पार्टी की सभी पत्रिकाओं के प्रकाशन का दायित्व सम्हाल रहे प्रकाशन विभाग का यह लक्ष्य होना चाहिए कि पत्रिकाओं के प्रसार को विस्तार देने हेतु अधिक से अधिक पाठक सदस्यों को जोड़ा जाए। पत्रिकाओं की पहुँच जितनी व्यापक होगी, इसमें निहित वैचारिक सामग्री का विस्तार उतना ही व्यापक होगा। इसको अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं एवं सामान्य लोगों तक पहुंचाने की अनिवार्यता पर बल दिए जाने की जरूरत है।



"प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का भविष्य उज्जवल है, देश को सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था के रूप में तब्दील कर मोदी जी ने देश को दुनिया में प्रतिष्ठा दिलाई है।"

## लक्षद्वीप प्रवास के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह के उद्बोधन के मुख्य बिंदु:

लक्षद्वीप को विकास के पथ पर अग्रसर करने के लिए लक्षद्वीप की जनता भी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की भारत विकास यात्रा के साथ जुड़े, यही अपील करने मैं यहाँ आया हूँ।

लक्षद्वीप की समस्याओं को सुलझाना और विकास कार्यों को गति देना मोदी सरकार की प्राथमिकता है। कांग्रेस ने लक्षद्वीप के विकास के लिए अब तक कुछ भी नहीं किया।

मोदी सरकार ने विकास से अछूते रह गए हर जगह विकास पहुंचाने का कार्य किया है, मुझे विश्वास है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यहाँ के सभी 10 द्वीपों का भी उत्कृष्ट विकास होगा।

लक्षद्वीप के 36 द्वीपों में से 10 द्वीप पर आबादी है और इनमें से 6 द्वीपों पर शुद्ध पीने के पानी का अभाव है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार 2019 तक लक्षद्वीप के हर द्वीप पर शुद्ध पीने के पानी की व्यवस्था करेगी।

मोदी सरकार ने लक्षद्वीप के 1300 युवाओं को मुद्रा योजना के माध्यम से स्वरोजगार देने का काम किया है।

ट्रांसपोर्टेशन के लिए 2015-2025 तक का दस साल का प्लान बनाया गया है जिसमें दो ऑल वेदर ट्रांसपोर्ट टूरिस्ट शिप, चार अंतरद्वीपीय इन्टरनल फेरी वेसल्स, 9 कार्गो शिप और एक आयल टेंकर को सैद्धांतिक मंजूरी केंद्र की मोदी सरकार ने दी है।

कोकोनट आयल मार्केटिंग, फिशिंग व कोल्ड स्टोरेज की व्यवस्था और टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए मोदी सरकार एक ब्लू प्रिंट बना रही है, जो एक साल के अंदर ही लक्षद्वीप की जनता के सामने होगी।

Shah visits homes of fishermen

അമിത് ഷായ്ക്ക് കൊച്ചിയിൽ സ്വീകരണം

അമിത് ഷാ മടങ്ങി

लक्षद्वीप की तीन दिवसीय यात्रा पर अमित शाह

प्रधानमंत्री नवंबर में लक्षद्वीप जाएंगे : शाह

എം.പി.യുൾപ്പെടെ ലക്ഷദ്വീപിലെ എൻ.സി.പി. ബി.ജെ.പി.യിലേക്ക്

Shah shares meal with fishermen families

Amit Shah visits homes of fishermen, folk singer in Lakshadweep's Androth

പാർട്ടി വോട്ട് 187; എന്നിട്ടും ദ്വീപ് 'പിടിക്കാൻ' അമിത് ഷാ







मछुआरों और लोकगायिका के घर गए अमित शाह

Amit Shah visits homes of fishermen, folk singer

അമിത്ഷായ്ക്ക് കവരത്തിയിൽ ഉജ്ജ്വല സ്വീകരണം

लक्षद्वीप के दौरे पर भाजपा अध्यक्ष

मछुआरों और लोक गायिका के घर पहुंचे अमित शाह

मछुआरों-लोकगायिका के घर पहुंचे शाह

അമിത് ഷായും കേരള നേതാക്കളുമായി വിശദ ചർച്ച നടന്നില്ല

കമ്മ്യൂണിസ്റ്റ് അക്രമങ്ങൾ ചെറുക്കും: അമിത് ഷാ

http://www.bjp.org/adhyakshiyapravas2017